आखर हिंदी पत्रिका; e-ISSN-2583-0597 खंड 6/अंक 1/मार्च 2026

Received: 13/03/2026; Accepted: 24/03/2026; Published: 28/03/2026

# 'आधुनिक युग की मीरा' महादेवी वर्मा: गद्य एवं पद्य साहित्य का समग्र अकादमिक मूल्यांकन

**डॉ. आनंद कुमार कश्यप**
सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग,
शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय, मस्तूरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, भारत
वर्तमान पदस्थापना: विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,
छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत
ईमेल: anandkashyaphindi@gmail.com

**डॉ. आनंद कुमार कश्यप, 'आधुनिक युग की मीरा' महादेवी वर्मा: गद्य एवं पद्य साहित्य का समग्र अकादमिक मूल्यांकन,** आखर हिंदी पत्रिका, **खंड 6/अंक 1/मार्च 2026**,(89 -93)

https://doi.org/10.5281/zenodo.19499781

This work is licensed under CC BY-NC 4.0

**सारांश:**

हिंदी साहित्य के क्षितिज पर आधुनिक युग की मीरा के रूप में विख्यात महादेवी वर्मा जी का स्थान अद्वितीय और कालजयी है। वह वेदना व पीड़ा की अप्रतिम रूपायिका और रहस्यवादी चेतना की संवाहक रूप में जानी जाती है। महादेवी जी छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों (जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रानंदन पंत और महादेवी वर्मा) में वे चौथी स्तंभ के रूप में सुशोभित हैं। उनका जन्म वर्ष

१९०७ में उत्तर प्रदेश के फ़र्रुख़ाबाद में होली के पावन पर्व के दिन हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन में संपन्न हुई जिसके पश्चात उन्होंने इलाहाबाद (प्रयागराज) विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय में एम.ए. की उपाधि अर्जित की। बचपन से ही उनकी चित्रकला, संगीत और काव्य में गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने विद्यार्थी जीवन से ही साहित्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनानी आरंभ कर दी थी।

**प्रमुख शब्द** (Keywords): हिंदी साहित्य, महादेवी वर्मा, छायावाद, आधुनिक युग, चित्रकला, संगीत और काव्य

**प्रस्तावना**

महादेवी जी ने शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत लंबे समय तक प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्राचार्या के रूप में कार्य करते हुए शिक्षा जगत को सुशोभित किया। इसके साथ ही प्रयागराज से प्रकाशित होने वाली प्रसिद्ध मासिक पत्रिका 'चाँद' की संपादिका के रूप में उन्होंने साहित्य और समाज को एक नई दिशा प्रदान की। साहित्यकारों के अधिकारों और उनके संगठन के लिए उन्होंने प्रयाग में 'साहित्यकार संसद' जैसी महत्वपूर्ण संस्था की स्थापना भी की। महादेवी जी को 'निराला वैशिष्ट्य' की स्वामिनी माना जाता है। उन्होंने पद्य और गद्य दोनों ही विधाओं की बागडोर को समान भाव और ऊर्जा  के साथ संचालित किया।

**काव्य-जगत में योगदान**

महादेवी जी ने वेदना, रहस्यवाद और उत्कृष्ट बिंब-विधान संबंधी रचनाओं में विशेष योगदान दिया है। महादेवी जी मूलतः वेदना और करुणा की कवयित्री हैं। उनके काव्य-संसार में भावनाओं, प्रतीकों और वैयक्तिक अनुभवों का अत्यंत गहरा और मार्मिक चित्रण मिलता है। उनके प्रमुख काव्य-संग्रहों में नीहार (1930), नीरजा (1933), सांध्य गी (1934), साधिनी (1943), प्रथम आयाम (1946), सप्तपर्णा (1956) और अग्निरेखा (1963) प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कृतियों में महादेवी जी ने कविताओं का मुख्य स्वर प्रेम, पीड़ा, आध्यात्मिकता और मानव जीवन के गूढ़ अर्थों के इर्द-गिर्द रखा है।

महादेवी जी का काव्य जड़ और चेतन का एकात्म भाव, सौंदर्यानुभूति, मूल्य चेतना और रहस्यात्मकता जैसे गंभीर विषयों से ओत-प्रोत है। वे मुख्य रूप से कवयित्री थीं जिनके काव्य में परंपरा और मौलिकता का अद्वितीय व मणिकांचन समन्वय दिखाई देता है। शब्द-निरूपण, वर्ण-विन्यास, नाद-सौंदर्य और उक्ति-सौंदर्य के सभी सूक्ष्म पहलुओं पर उनकी भाषा की असाधारण पकड़ थी।

उन्होंने अपने काव्य में प्रतीकात्मक भाषा का अत्यंत कुशल उपयोग किया है जिसमें छायावादी प्रतीकों के साथ-साथ उनके अपने मौलिक प्रतीकों का भी सफल प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। महादेवी जी शिल्प की सबसे बड़ी विशेषता उनका 'बिंब-विधान' है। वर्ण-परिज्ञान के प्रति उनका लगाव अत्यंत गहरा था जिसके परिणामस्वरूप चाक्षुष (दृश्य), श्रव्य (ध्वनि) और स्पार्शिक (स्पर्श) बिंबों के प्रति उनकी विशेष रुचि रही। अप्रस्तुत के माध्यम से प्रस्तुत के समान गुणों का चित्रण वे इतनी प्रभावशाली शैली में करती थीं कि पाठक

मंत्रमुग्ध रह जाता है। इसके अंतर्गत रूपक, अन्योक्ति, समासोक्ति और उपमा उनके अत्यंत प्रिय अलंकार रहे हैं। उनके इसी विराट काव्य-कौशल के संदर्भ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि "छायावाद ने उन्हें जन्म दिया और उन्होंने छायावाद को जीवन दिया।"

**गद्य साहित्य की ओर उन्मुखता**

महादेवी जी की मूल पहचान रहस्यवादी और वेदना की कवयित्री के रूप में है। उनका गद्य साहित्य उनकी चिंतनशील व्यक्तित्व एवं प्रगतिशील विचारधारा की अत्यंत समृद्ध धरोहर बनकर हिंदी साहित्य जगत में अवतरित हुआ। उनका काव्य जितना महत्वपूर्ण और प्रशंसित है उनका गद्य साहित्य उससे तनिक भी कम नहीं है। गद्य साहित्य में उनके सामाजिक सरोकार अधिक व्यापक हैं और उनके लेख समाज की कठोर वास्तविकताओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं।

काव्य की अंतर्मुखी वेदना से निकलकर गद्य की बहिर्मुखी यथार्थवादिता को अपनाने की प्रेरणा का स्पष्टीकरण देते हुए स्वयं महादेवी जी ने अपने वैचारिक दृष्टिकोण को इन शब्दों में व्यक्त किया है:

"मेरे सम्पूर्ण मानसिक विकास में बुद्धि प्रसूत चिंतन का भी विशेष महत्त्व है, जो जीवन की बाह्य व्यवस्थाओं के अध्ययन में गति पाता रहा है। अनेक सामाजिक रूढ़ियों में दबे हुए, निर्जीव संस्कारों का भार ढोते हुए और विविध विषमताओं में सांस लेने का भी अवकाश न पाते हुए जीवन के ज्ञान ने मेरे भाव-जगत् की वेदना को गहराई और जीवन को क्रिया दी है। उसके बौद्धिक निरूपण के लिए मैंने गद्य को स्वीकार किया था।"

महादेवी जी का यह संकल्प उनकी रचनाओं में अत्यंत ओज और प्रामाणिकता के साथ सार्थक और चरितार्थ हुआ है। गद्य की बौद्धिक और तार्किक पृष्ठभूमि ने उनके चिंतनशील व्यक्तित्व को उन संस्कारों से जोड़ा है। इसी कारण उनका सामाजिक व्यवहार अत्यंत शिष्ट, शालीन और संवेदनशीलता से परिपूर्ण बन गया।

**गद्य साहित्य के विविध आयाम**

महादेवी जी के गद्य साहित्य में मुख्य रूप से निबंध, रेखाचित्र, डायरी और संस्मरण देखने को मिलता है। उनके प्रमुख संकलनों में अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, विवेचनात्मक गद्य, साहित्यकार की आस्था, संकल्पिता, हिमालय, क्षणदा शामिल हैं। इन रचनाओं में उनकी विचारधारा, वैचारिक मान्यता और बौद्धिक चिंतन कई बार विधा संबंधी प्रचलित सीमाओं का उल्लंघन करके अपनी चरम सीमा को छूती है। यही कारण है कि उनके पात्रों के चरित्रांकन में महादेवी जी ने अपने जीवन तथा अनुभव को इस प्रकार समन्वित किया है कि पाठक उन्हें पढ़कर एकदम चिंतामग्न और भाव-विभोर हो जाता है। उनके गद्य लेखन में विचारों की स्पष्टता, सामाजिक विषयों पर उनकी प्रखर दृष्टि और साहित्य के प्रति उनका समर्पण स्पष्ट परिलक्षित होता है।

**नवजागरण, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक यथार्थ का प्रखर चित्रण**

सन् 1930 के आसपास जब भारतीय राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन अपने चरम पर था तब साहित्य में किसान, मजदूर, स्त्री और निम्न वर्गों के हितों से संबंधित मुद्दे प्रबलता से उठे। इन जन-संघर्षों से साहित्य सर्वाधिक प्रभावित हुआ और यथार्थवादी प्रवृत्ति को अत्यधिक बढ़ावा मिला।

अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ और पथ के साथी महादेवी जी के प्रमुख संस्मरणात्मक रेखाचित्रों के संग्रह हैं। ये रचनाएँ नितांत व्यक्तिगत होते हुए भी सामाजिक विद्रूपताओं और अमानवीय स्थितियों पर महादेवी जी की पैनी दृष्टि की परिचायक हैं। अतीत के चलचित्र के विषय में प्रसिद्ध आलोचक सूर्यप्रसाद दीक्षित का कथन "इन चलचित्रों में समाज के सर्वहारा वर्ग की झांकी है, उनके दुःख दैन्य की कहानी है, कुजड़ा, काछी, कुम्हार आदि पात्रों के कदर्थित जीवन की गाथा है, भागिन, वैश्या, विधवा और विकलांग नारियों की जीवन की विडम्बना का स्वर है" अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। महादेवी जी ने समाज के दीन-हीन और शोषित-दलित के प्रति केवल सहानुभूति व करुणा प्रदर्शित नहीं की, बल्कि उस पीड़ा को दूर करने का एक वैचारिक मार्ग भी प्रशस्त किया।

**नारी विमर्श और साहित्यिक पत्रकारिता में योगदान**

महादेवी जी स्वयं एक नारी थीं अतएव उन्होंने भारतीय समाज में नारी की परतंत्रता, संघर्ष और उनके मनोवैज्ञानिक पीड़ा को अत्यंत सूक्ष्मता से परखा था। 'श्रृंखला की कड़ियाँ' उनके द्वारा रचित निबंधों का ऐसा संग्रह है जो तत्कालीन समाज में स्त्री की दोयम दर्जे की स्थिति, पराधीनता और उन पर थोपी गई खोखली सामाजिक रूढ़ियों पर करारा प्रहार करता है। उन्होंने पुरुष-प्रधान समाज की उन नीतियों का तीखा विरोध किया जो स्त्री को मात्र उपभोग की वस्तु रूप में समझा।

साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रयागराज से प्रकाशित 'चाँद' पत्रिका की संपादिका के रूप में उन्होंने न केवल समाज सुधार और राष्ट्रीय चेतना के स्वर को मुखर किया बल्कि साहित्यिक जगत में कई महत्त्वपूर्ण और उभरते हुए लेखकों को एक सशक्त मंच भी प्रदान किया। उनके संपादकीय लेख उस युग के ज्वलंत वैचारिक दस्तावेज़ हैं जो समाज की विकृतियों को उजागर करते हैं।

**सम्मान, पुरस्कार एवं कालजयी प्रासंगिकता**

महादेवी जी के अद्वितीय साहित्यिक और सामाजिक योगदान को राष्ट्र ने खुले हृदय से स्वीकारा और उन्हें अनेक शीर्ष सम्मानों से अलंकृत किया। महादेवी जी साहित्य अकादमी की सदस्यता प्राप्त करने वाली पहली महिला लेखिका थीं जो उनके साहित्यिक महत्व की विशालता को प्रमाणित करता है। भारत सरकार द्वारा महादेवी जी को राष्ट्र के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से पद्म भूषण (१९५६) और पद्म विभूषण (१९८८) से सम्मानित किया गया। उनकी प्रसिद्ध काव्य-कृति 'यामा' के लिए उन्हें साहित्य के सर्वोच्च 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' से भी नवाजा गया। भारतीय साहित्य में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए भारत सरकार ने

उनके और महान साहित्यकार जयशंकर प्रसाद के नाम पर एक युगल डाक टिकट भी जारी किया जो छायावाद के इन दो महान स्तंभों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है।

**निष्कर्ष**

महादेवी जी का साहित्यिक कार्य केवल उनके समकालीन युग लिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं था बल्कि वह आज भी पाठकों, शोधार्थियों और साहित्यकारों के लिए प्रेरणा का एक अखंड स्रोत बना हुआ है। उनके काव्य में जहाँ आत्मा और परमात्मा के मिलन की विरह-वेदना, प्रकृति का मानवीकरण और रहस्यवादी आध्यात्मिक उड़ान है वहीं उनके गद्य साहित्य में गहरी संवेदनशीलता, प्रखर सामाजिक चेतना, शोषितों के प्रति करुणा और साहित्यिक विवेक की स्पष्ट झलक मिलती है। हिंदी साहित्य के इतिहास में उनका कालजयी और विशिष्ट स्थान है। उनका साहित्य वेदना एक स्वस्थ, समतामूलक और रूढ़ि-मुक्त नव-समाज के निर्माण का ओजस्वी स्वर गुंजायमान है। महादेवी जी के द्वारा किए गए इस महान साहित्यिक योगदान का गहरा प्रभाव आने वाली अनेक पीढ़ियों पर लंबे समय तक अक्षुण्ण रूप से पड़ता रहेगा। महादेवी जी भारतीय साहित्य की एक ऐसी दीपशिखा हैं जिसका प्रकाश समय के साथ प्रदिप्तिमान होता रहेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ**


- शर्मा, म. (2024). महादेवी वर्मा के जीवन, योगदान और साहित्यिक धरोहर. शोधकोष: जर्नल ऑफ विशुँल एंड परफोर्मिंग आर्ट्स, 5(4). https://doi.org/10.29121/shodhkosh.v5.i4.2024.4000
- दीक्षित, सू.प्र. (1969). महादेवी का गद्य, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
- इन्द्रनाथ मदान (सं०). (2018). महादेवी: चिंतन और कला, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
- गौतम, ल. (1972). महादेवी वर्मा: कवि और गद्यकार, कोर्णाक प्रकाशन, दिल्ली.
- वर्मा म. (2008). यामा (काव्य संग्रह), लोक प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
- वर्मा म. (2008). स्मृति की रेखाएँ, लोकभारती प्रकाशन
- वर्मा म. (1941). अतीत के चलचित्र, राधा कृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली
- कपिल, ग. (2014). महादेवी के रेखाचित्रों में समाज-चित्रण. शोध संचयन, 5(1).
- ऋतु. (2020). महादेवी वर्मा के साहित्य में वैचारिक एवं भावात्मक चिंतन. इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनफार्मेशन मूवमेंट, 5(8), 33-42.


**********